समाचार विज्ञप्ति

पुन:केंद्रित स्वास्थ्य देखभाल: बातचीत को जारी रखना

09 जनवरी 2025 मीडिया पूछताछ

प्रोविंस की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली पर पुनः ध्यान केंद्रित करने और उसे बेहतर बनाने के लिए काम जारी रहने के दौरान अल्बर्टावासियों को अपनी फीडबैक साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

नवम्बर 2023 में, अल्बर्टा सरकार ने सेवाओं को सशक्त बनाने, स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने, फ्रंटलाइन कर्मियों के लिए सहायता में बढ़ोतरी करने तथा सभी अल्बर्टावासियों के लिए स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली पर पुन: ध्यान केन्द्रित की योजनाओं की घोषणा की थी। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान, सरकार द्वारा अल्बर्टावासियों और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं से नई प्रणाली के बारे में फीडबैक और इनपुट प्राप्त करने में सहायता के लिए व्यक्तिगत रूप से सार्वजनिक सत्रों का आयोजन और ऑनलाइन टूल्स का इस्तेमाल किया गया।

अल्बर्टा सरकार, नई प्रणाली को आकार प्रदान करने के लिए अल्बर्टावासियों द्वारा प्रदान की गई गहन जानकारी और उनके अनुभवों का इस्तेमाल करने के लिए वचनबद्ध है, तथा 21 जनवरी से व्यक्तिगत सार्वजनिक सत्रों सहित भागीदारी का दूसरा चक्र आयोजित करेगी। अल्बर्टावासियों को नवीनतम पुन:केन्द्रित करने के कार्य और इस बारे में कि उनके लिए इसके क्या मायने हैं, उनको नवीनतम जानकारी देने के साथ-साथ, स्वास्थ्य देखभाल की एक्सेस तथा स्वास्थ्य देखभाल कार्यबल के वर्तमान अनुभवों से संबंधित परिप्रेक्ष्य को एकत्रित करते हुए, इन सत्रों में स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने में सुधार के अवसरों पर विचार किया जाएगा।

"आरम्भ से ही, हम ऐसी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली विकसित करने के प्रति वचनबद्ध हैं जो प्रत्येक अल्बर्टावासी के लिए उपयोगी हो। बातचीत को जारी रखकर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारे निर्णय लेने के दौरान उनके अनुभवों, परिप्रेक्ष्यों तथा विशेषज्ञता पर विचार किया जाता है।"

एड्रियाना लाग्रेंज, स्वास्थ्य मंत्री

इस महीने से, सभी अल्बर्टावासियों को प्रोविंस भर में आयोजित किए जाने वाले व्यक्तिगत भागीदारी सत्रों में भागीदारी करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। समय-सारणी को ऑनलाइन देखा जा सकता है और सत्रों के लिए पंजीकरण alberta.ca पर खुला है।

इन सत्रों से प्राप्त निष्कर्षों से पुन: केन्द्रित स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की संरचना और कार्यान्वयन में सहायता प्राप्त हुई है, जिसे हमने 'हमें प्राप्त जानकारी की रिपोर्ट' में सारांश रूप में शामिल किया है। भागीदारी के दूसरे सत्र के निष्कर्षों से इस कार्य के लिए और अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

भागीदारी के प्रथम सत्र के बाद से, अल्बर्टा सरकार ने प्रोविंशियल स्वास्थ्य एजेन्सियों, अर्थात रिकवरी अल्बर्टा और प्राथमिक देखभाल अल्बर्टा को स्थापित किया है, एक्यूट केयर अल्बर्टा की घोषणा की है, नई प्रणाली को अपनाने में सहायता के लिए विधि संबंधी संशोधन लागू किए हैं तथा सहायता प्राप्त लिविंग प्रोविंशियल स्वास्थ्य एजेन्सी तथा क्षेत्रीय सलाहकार परिषदों की स्थापना के कार्य को जारी रखा है।

ऐसे अल्बर्टावासी जो स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली पुन: केन्द्रित करने तथा भागीदारी के अवसरों के बारे में नवीनतम जानकारी में रुचि रखते हैं, वे ई-न्यूज़लैटर के लिए भी साइन-अप कर सकते हैं।

त्वरित तथ्य

- जनवरी और जून 2024 के दौरान आयोजित प्रारम्भिक भागीदारी चक्रों में पूरे प्रोविंस में 65 व्यक्तिगत सार्वजनिक सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों में लगभग 3,000 अल्बर्टावासियों, स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ताओं, रोगियों और देखभालकर्ताओं ने भाग लिया।
    - 18,000 से अधिक लोगों ने ऑनलाइन टूल्स के माध्यम से अपनी फीडबैक प्रदान की और 10,000 से अधिक लोगों ने वर्चुअल टाउन हाल्स में भागीदारी की।
    - सार्वजनिक भागीदारी सत्रों के अलावा, मूल समुदायों, फ्रेंकोफोन समुदाय और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य साझेदारों के साथ समर्पित भागीदारियों का भी आयोजन किया गया।

संबंधित जानकारी

- ऑनलाइन समय-सारणी और पंजीकरण
- हमें प्राप्त जानकारी की रिपोर्ट
- अल्बर्टा में स्वास्थ्य देखभाल पर पुन: ध्यान केन्द्रित करना | अल्बर्टा ऑनलाइन भागीदारी
- स्वास्थ्य देखभाल पुन: केन्द्रित न्यूज़लैटर
- रिकवरी अल्बर्टा
- प्राथमिक देखभाल अल्बर्टा

संबंधित समाचार

- सफलतापूर्वक पुन:केन्द्रित स्वास्थ्य प्रणाली को सुनिश्चित करना (18 नवम्बर 2024)
- प्राथमिक देखभाल को भविष्योन्मुख बनाना (15 अक्तूबर 2024)
- अल्बर्टावासियों की जानकारी द्वारा स्वास्थ्य देखभाल पुन: केन्द्रित करने को आकार दिया जाना (11 अक्तूबर 2024)

मीडिया पूछताछ

जेसी रैम्पटन

780-427-2137
प्रेस सचिव, स्वास्थ्य